कला डर के हाथों मजबूर है : दीया मिर्जा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वेब सीरीज काफिर में पाकिस्तानी महिला की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री दीया मिर्जा का मानना है कि डर का कला पर बुरा असर पड़ता है। यहां दीया से शो के लॉन्च पर, फरवरी में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में मारे गए 40 जवानों की घटना के बाद ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन (एआईसीडब्ल्यूए) द्वारा भारत में काम करने से प्रतिबंधित पाकिस्तानी कलाकारों के बारे में उनकी राय पूछी गई इस पर उन्होंने कहा, कला हमेशा से डर के हाथों मजबूर रही है..लेकिन इसी डर की वजह से कला के क्षेत्र में एकजुटता भी आई है। मेरा मानना है कि ये पूर्वाग्रह जो हम पर थोपे गए हैं, न कि हमें अपने पड़ोसियों से दूर ले जाते हैं, बल्कि यह हमें खुद से भी दूर ले जाते हैं और जब हम खुद को संवाद और आदान-प्रदान करने के अवसर से वंचित करते हैं..
तब हम केवल दुनिया को ये व्यक्त करते हैं कि हम कितने डरे हुए हैं। सोनम नायर द्वारा निर्देशित इस वेब सीरीज की कहानी भवानी अय्यर ने लिखी है।
काफिर की कहानी कश्मीर पर आधारित है, जो एक पाकिस्तानी महिला कैदी और उसके बच्चे के ईर्द गिर्द घूमती है। कैदी महिला को किस तरह एक पत्रकार न्याय दिलाता है यही वेब सीरीज की कहानी है। इसमें दीया मिर्जा कैदी कायनाज अख्तर के किरदार में है। काफिर का प्रसारण 15 जून से ओटीटी प्लेटफार्म जी5 पर होगा।

कबीर सिंह में पहली बार नजर आएगा कियारा आडवाणी का नॉन ग्लैमरस अंदाज

ऐक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने अलग-अलग तरह के रोल्स को निभाकर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। अब वह अपनी आने वाली फिल्म कबीर सिंह में डी-ग्लैम लुक (कम ग्लैमरस अंदाज) में नजर आएंगी।

कियारा फिल्म में मेडिकल स्टूडेंट प्रीति के रोल में हैं। अब तक वह फुगली और मशीन जैसी फिल्मों में ग्लैमरस लुक में नजर आई हैं। यह पहला मौका है जब कियारा अपनी ग्लैमरस इमेज को तोड़कर डी-ग्लैम कैरक्टर प्ले कर रही हैं।

अपने लुक के बारे में बात करते हुए कियारा ने कहा, मैं डायरेक्टर की ऐक्टर हूं तो अगर डायरेक्टर का किसी लुक के लिए कोई विजन है तो मैं उसके साथ जाऊंगी। प्रीति की सादगी और मासूमियत मुझे काफी पसंद आई।

कियारा ने आगे कहा, संदीप सर प्योरिटी को कैप्चर करना चाहते थे और उन्हें मुझे 19 साल की स्टूडेंट के तौर पर दिखाना था। मैं बिना मेकअप के कैमरा के सामने कंफर्टेबल हूं तो इसमें कोई दिक्कत नहीं हुई। एक प्लस पॉइंट इसमें यह भी था कि इस वजह से मुझे सेट पर बहुत पहले नहीं पहुंचना पड़ता था।

बता दें, कबीर सिंह तेलुगू हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी का रीमेक है। फिल्म में शाहिद लीड रोल में हैं। यह फिल्म 21 जून 2019 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

समुंदर किनारे छुट्टियां मना रहीं नताशा स्तानकोविक बिकिनी अवतार में आई नजर

डीजे वाले बाबू मेरा गाना बजा दे गाने से पॉपुलर हुई नताशा स्तानकोविक एक बार फिर से सुर्खियों का हिस्सा बन गई हैं. इस बार उनके सुर्खियों में आने की वजह उनकी बेहद ही बोल्ड वीडियो है. समुंदर किनारे छुट्टियां मना रहीं एक्स बिग बॉस कंटेस्टेंट नताशा स्तानकोविक इस दौरान बोल्ड बिकिनी अवतार में नजर आईं.

बीते दिनों नताशा ने पूल में मस्ती करने के दौरान की चंद तस्वीरों को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया था. इस तस्वीरों में नताथा पूल में मस्ती करती नजर आ रही हैं. नताशा एक सर्बियन मॉडल हैं. कुछ समय पहले तक नताशा का नाम ये हैं मोहब्बते के को स्टार एली गोनी के साथ जुड़ा था.

फिलहाल दोनों का ब्रेकअप हो गया है. मगर दोनों अभी भी एक-दूसरे को अपना अच्छा दोस्त बताते हैं. डीजे वाले बाबू मेरा गाना बजा दे की एक्ट्रेस का ये बोल्ड अवतार उनके फैंस की बीच काफी पॉपुलर हो रहा है.

बीते दिनों ऐसी खबरें थी कि एली गोनी और नताशा स्तांकोविक की जोड़ी स्टार प्लस के डांसिंग रिएलिटी शो नच बलिए के सीजन 9 में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा ले रहे हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक, एली और नताशा की मुलाकात उस दौरान हुई थी जब एली की सिस्टर इन लॉ की तरफ उन्हें एक दूसरे मिलवाया गया था. इसके चंद दिन बाद उन्होंने जल्द ही डेटिंग शुरू कर दी और फिर दोनों में प्यार जवां हो चला. नताशा की तरफ से बिग बॉस के आठवें सीज़न में भाग लेने का फैसला दोनों की नजदीकियों में कुछ वक्त के ठहराव ला सका. मगर शो से बाहर आने के बाद उन्होंने अपने मतभेदों को जल्द ही सुलझा लिया. मगर कुछ हफ्ते के बाद दोनों के रिश्ते में फिर किसी तरह से खटास आ गई. कथित तौर पर नताशा से अलग होने के बाद, एली का नाम पिछले साल ये है मोहब्बतें की उनकी सह-कलाकार कृष्णा मुखर्जी के साथ जोड़ा गया था, लेकिन कृष्णा ने टीओआई को बताया था कि वे सिर्फ दोस्त थे.